Class - 8
Sub - Lower Hindi
Ch : 9 - मेरा बचपन

①

Page No :
Date :

मौखिक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए -

क) घर में चिल्लाहट का क्या कारण था ?

> घर में चिल्लाहट का यह कारण था कि जब रवीन्द्रनाथ सात - आठ वर्ष के थे तब उनका घर ढेर सारे लोगों से भरा रहता था। अलग - अलग कामों के लिए अनेक दास - दासियाँ थीं। वे अपने - अपने कामों में जुटे खूब शोरगुल करते रहते थे।

ख) बालक रवीन्द्रनाथ पालकी से कैसे खेलते थे ?

> बालक रवीन्द्रनाथ छुट्टी के दिन सबसे नजरें बचाकर पालकी में जा बैठते थे। कल्पना में पालकी उनकी नाव बन जाती जो समुद्र में बह निकलती। उसकी पतवारें भी छप - छप चलने लगती और तभी मल्लाह चिल्लाते, बचाओ - बचाओ। तूफ़ान आ गया।

ग) मास्टर जी रवीन्द्रनाथ को दूसरे लड़कों की बातें क्यों बताते थे ?

> मास्टर जी रवीन्द्रनाथ को दूसरे लड़कों की बातें इसलिए बताते थे क्योंकि वह चाहते थे कि किताबें देखकर उन्हें नींद न आए और वे मन लगाकर पढ़े।

घ) किस बात से ज्ञात होता है कि रवीन्द्र को प्रकृति से प्रेम था ?

> रवीन्द्रनाथ छुट्टी के दिन दोपहर को अपना समय पालकी में बिताते। तब उन्हें ऐसा लगता मानो वह समुद्र के बीच का छोटा सा टापू है और वे छुट्टी के दिन के राबिन्सन क्रूसो। कल्पना के माध्यम से वे अपनी दादी की पालकी द्वारा प्रकृति की गोद में चले जाते थे। इस आधार पर हमें ज्ञात होता है कि उन्हें प्रकृति से प्रेम था।

लिखित -

१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) रवीन्द्रनाथ टैगोर के घर में दादी जी के समय की क्या वस्तु थी?

⇒ रवीन्द्रनाथ टैगोर के घर में दादी जी के समय की पालकी थी।

ख) दादा जी के लिए पद्मा नदी से मछलियाँ कौन लाता है?

⇒ दादा जी के लिए पद्मा नदी से मछलियाँ अब्दुल मांझी लाता है।

ग) पुस्तकें देखकर पहले जम्हाई और फिर नींद किसे आती थी?

⇒ पुस्तकें देखकर पहले जम्हाई और फिर नींद रवीन्द्रनाथ टैगोर को आती थी।

घ) बरामदे के एक ओर कोने में बैठकर कौन कपड़े सिला करता था?

⇒ बरामदे के एक ओर कोने में बैठकर बूढ़ा दर्जी कपड़े सिला करता था।

ङ) रवीन्द्रनाथ टैगोर को किसकी प्रतीक्षा रहती थी?

⇒ रवीन्द्रनाथ ने बरामदे के कोने में शरीफे का बीज बो रखा था। उसके पत्ते कब निकलेंगे इसकी प्रतीक्षा उन्हें रहती थी।

अभ्यास

मौखिक-

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए-

(क) घर में चिल्लाहट का क्या कारण था?

(ख) बालक रवींद्र नाथ पालकी से कैसे खेलते थे?

(ग) मास्टर जी रवींद्र नाथ को दूसरे लड़कों की बातें क्यों बताते थे?

(घ) किस बात से ज्ञात होता है कि रवींद्र को प्रकृति से प्रेम था?

लिखित-

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) रवींद्रनाथ टैगोर के घर में दादी जी के समय की क्या वस्तु थी?

(ख) दादा जी के लिए पद्मा नदी से मछलियाँ कौन लाता है?

(ग) पुस्तकें देखकर पहले जम्हाई और फिर नींद किसे आती थी?

(घ) बरामदे के एक ओर कोने में बैठकर कौन कपड़े सिला करता था?

(ङ) रवींद्रनाथ टैगोर को किसकी प्रतीक्षा रहती थी?

3. उचित विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए-

(क) आँगन में दादी के समय की क्या वस्तु थी?

(अ) घोड़ागाड़ी ☐ (ब) पालकी ☑ (स) कार ☐

(ख) अब्दुल मांझी दादा के लिए पद्मा नदी से क्या लाता है।

(अ) मछली ☑ (ब) सब्जी ☐ (स) फल ☐

(ग) बरामदे के एक कोने में कौन बैठा करता था।

(अ) मोची ☐ (ब) दर्जी ☑ (स) कुली ☐

4

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

(क) सुरीला - बेसुरा (ख) स्वदेशी - विदेशी

(ग) आरंभ - अंत (घ) एक - अनेक

(ङ) स्वामी - दास

5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए-

H/W

(क) समुद्र - ....

(ख) विद्यार्थी - ....

(ग) शरारत - ....

(घ) घोंसला - ....

6. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए-

(क) मछली - मछलियाँ (ख) कहानी - कहानियाँ

(ग) पत्ता - पत्ते (घ) पालकी - पालकियाँ

व्याकरण

कर्ता- संज्ञा का वह रूप जो कार्य की क्रिया का बोध कराता है वह कर्ता कहलाता है। जैसे- मल्लाह चिल्लाते हैं। मैं नाव में बैठ जाता। इस वाक्य में 'मल्लाह' और 'मैं' शब्द कर्ता हैं।

परियोजना

- पाठ के किसी भी अनुच्छेद को विद्यार्थियों से श्रुतलेख लिखवाएँ।
- रवींद्रनाथ टैगोर की कहानियाँ और कविताएँ पढ़िए और इनके विषय में जानकारी लीजिए।
- शांति निकेतन के बारे में जानकारी अध्यापक/अध्यापिका से ले सकते हैं। इसकी स्थापना किसने की इसका उद्देश्य क्या था? इत्यादि।